# हिन्दी

(www.tiwariacademy.com)
(दूर्वा)(पाठ 1)(चिड़िया और चुरुंगुन – हरिवंश राय बच्चन)
(कक्षा 7)

**प्रश्न 1:** नमूने के अनुसार लिखो

**नमूना**
छोड़ घोंसला बाहर आया,
देखी डालें, देखे पात।
चुरुंगुन घोंसला छोड़कर बाहर आया। उसने डालें और पत्ते देखे।
**क:**
डाली से डाली पर पहुँचा,
देखी कलियाँ देखे फूल।
**क:**
चुरुंगुन डाली से डाली पर गया और वहाॅ उसने कलियाॅ और फूल देखे ।

**ख:**
खाने–गाने के सब साथी,
देख रहे हैं मेरी बाट।
**ख:**
चुरुगुन के खाने और गाने के साथी उसकी राह देख रहे हैं ।

**ग:**
कच्चे–पक्के फल पहचाने,
खाए और गिराए काट।
**ग:**
चुरुगुन और उसके साथियों ने कच्चे–पक्के फल खाए और काट कर गिराए ।

**घ:**
उस तरफ से इस तरफ पर आता,
जाता हूँ धरती की ओर।
**घ:**
चुरुगुन इधर से उधर उड़ता हुआ धरती की ओर चला जाता है ।

**प्रश्न 2:**
**कविता से**
**क:**
चुरुंगुन अपने 'उड़ने' बारे में बार–बार अपनी माँ से क्यों पूछता है ?
**क:**
चुरुगुन अभी छोटा है इसलिए वह उड़ने के बारे में अपनी माॅ से पूछता है ।

**खः**

चुरुगुन को कौन–कौन सी चीजें अच्छी लगती हैं ?

**खः**

चुरुगुन को कच्चे –पक्के फल अच्छे लगते हैं ।

**गः** चुरुगुन अभी–अभी अपने घोंसले से निकला है। फिर भी वह पूरी दुनिया के बारे में जानना चाहता है। तुम किन चीजों के बारे में जानना चाहते हो?

**गः**

हम भी चुरुगुन की तरह दुनिया के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते हैं ।

**प्रश्न 3**:. क्रम से लगाओ

नीचे कुछ चीजों के नाम लिखे हैं। चुरुंगुन ने पहले किसे देखा ? क्रम से लगाओ।

फूल, पात, फुनगी, डाल, फल, कलियाँ,

धरती, साथी, तरफ, दाना, गगन

**उत्तर 3:**

डाल ,पात ,कलियॉ , फूल , फुनगी , फल , साथी , धरती , गगन , तरफ , दाना

**प्रश्न 4:**

और चुरुगुन उड़ गया

उड़ने के बाद चुरुंगुन कहाँ–कहाँ गया होगा ? उसने क्या–क्या देखा होगा ?

अपने शब्दों में लिखो।

**उत्तर 4:**

उड़ने के बाद चुरुगुन आकाश की ओर गया होगा और उसने ऊपर से नदियॉ , जंगल , झरने और रंग–बिरंगे फूलों से से लदे उपवन देखें होंगे ।

**प्रश्न 5:**

**वचन बदलो**

**एकवचन बहुवचन**

**नमूना**

घोंसला घोंसले, घोंसलो

**उत्तर 5:**

| **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|
| डाल | डालें डालों |
| बात | बातें बातों |
| कली | कलियॉ कलियों |
| फूल | फूलों |
| फल | फलों |

| | |
|---|---|
| साथी | साथियों |
| तरफ | हर तरफ |
| दाना | दाने दानों |
| डैना | डैने डैनों |

**प्रश्न 6:**. बार–बार बोलो और प्रत्येक शब्द से वाक्य बनाओ

**1:**
डाल ढाल

**1:**
डाल – डाल पर पक्षी बैठे ।
सैनिक ढाल और तलवार से लड़ाई करते हैं ।

**2:**
बात भात

**2:**
वह हर बात पर लड़ने लगता है।
हमने घर में दाल–भात खाया।

**3:**
फूल मूल

**3:**
पौधों पर सुंदर फूल लगे हैं ।
गुस्सा हर झगड़े का मूल है।

**4:**
दाना धान

**4:**
चिड़िया दाना खती है ।
धान के खेत लहलहा रहे हैं ।

**5:**
फल पल

**5:**
इन्तजार का फल मीठा होता है ।
हर पल हमारे लिए कीमती है।